विज्ञापन लेखन

विज्ञापन शब्द वि + ज्ञापन दो शब्दों से मिलकर बनता है । 'वि' का अर्थ होता है 'विशेष' और 'ज्ञापन' का अर्थ होता है 'सार्वजनिक सूचना'। विज्ञापन एक माध्यम है, ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करके वस्तु को बेचने का।

दूसरे शब्दों में - किसी उत्पाद अथवा सेवा को बेचने अथवा प्रवर्तित करने के उद्देश्य से किया जाने वाला जनसंचार, विज्ञापन (Advertisement) कहलाता है। विज्ञापन विक्रय कला का एक नियंत्रित जनसंचार माध्यम है।

सरल शब्दों में – खरीदने के लिए या अन्य जानकारी देने व लेने से लेकर अपने किसी अन्य विषय की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाने वाला जनसंचार विज्ञापन (Advertisement) कहलाता है।

विज्ञापन तैयार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए -

(1) वह आकर्षक होना चाहिए।
(2) प्रभावशाली तरीके से कम शब्दों में अधिक शब्द कहने चाहिए।
(3) कोई पंक्ति ऐसी लिखनी चाहिए जो 'स्लोगन' की तरह हो और ध्यान आकर्षित करके याद रह जाने वाली हो।
(4) उसमें किसी 'चित्र' या 'रेखाचित्र' का प्रयोग करना चाहिए।
(5) जिस विषय के बारे में हो उसकी विशेषताओं/महत्त्व को बताने वाले हों।
(6) उसे बॉक्स में ही प्रस्तुत करें, इससे अधिक प्रभावशाली लगता है।
(7) प्रभावशाली बने के लिए रंगीन रंगों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

1. हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्तवपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।



2. सड़क पर टहलते हुए आपको एक बैग मिला, जिसमे कुछ रुपये, मोबाइल फोन तथा अन्य कई महत्वपूर्ण कागज़ात थे। लगभग 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए कि अधिकारी व्यक्ति आपसे संपर्क कर अपना बैग ले जाए।



3. **आपको अपनी पुरानी मोटर साइकिल बेचनी हैं। इसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।**



4. **'प्रकाश' एल.ई.डी. बल्ब बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।**



5. 'कूल इंडिया' कूलर्स की बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।